RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम्स

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

मोह कनाडा का बड़ा, ब्याह बना व्यापार।
लुट कर भी ये दुल्हनें, लुटने को तैयार।
लुटने को तैयार, भले कैसा भी आये।
लाखों रुपए पेश, कनाडा बस ले जाये।
कह साहिल कविराय, लुटें तो शोर मचाते।
ये फंसने से पूर्व, पूछने कब हैं आते।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 103 | THURSDAY DATE 07-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# UPI का विस्तार, वियतनाम से आसान लेनदेन: मोदी



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

भारत का यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जल्द ही वियतनाम के फास्ट पेमेंट सिस्टम से जुड़ेगा। यह जानकारी वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम से द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दी गई। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और स्टेट बैंक ऑफ वियतनाम (एसबीवी) के बीच समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षर हुए है, जिसके तहत दोनों देशों के केंद्रीय बैंक पेमेंट सिस्टम और डिजिटल पेमेंट इनोवेशन में सहयोग करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,'भारत और वियतनाम ने फाइनेंशियल कनेक्टिविटी को ढ़ाने के लिए केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके तहत भारत का यूपीआई और फास्ट पेमेंट सिस्टम जल्द ही लिंक होंगे।' इसके अलावा, भारत और वियतनाम ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 25 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। पीएम मोदी ने कहा,'महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ पृथ्वी धातुओं और ऊर्जा सहयोग में नई पहलों के माध्यम से, हम दोनों देशों की आर्थिक सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती सुनिश्चित करेंगे, क्योंकि दोनों देशों ने अपने संबंधों को कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनशिप के जरिए आगे बढ़ाने का फैसला किया है। यूपीआई वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ से अधिक देशों में उपलब्ध है, जिससे भारत डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया है। यूपीआई की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहुंच से प्रेषण में वृद्धि हो रही है, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है और वैश्विक फिनटेक परिदृश्य में भारत की स्थिति मजबूत हो रही है।

## पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने और हमारा साथ देने के लिए वियतनाम का आभार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुई बर्बर आतंकी हमले की निंदा करने और विषम स्थिति में भारत का साथ देने के लिए वियतनाम का आभार जताया। राष्ट्रीय राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने इन भावनाओं को अहम बताया। सुशासन, विरासत, विकास और साझा सांस्कृतिक मूल्यों को द्विपक्षीय संबंधों का आधार बताया। पीएम ने कहा, 'तो लाम ने भारत यात्रा की शुरूआत बोधगया से की है। यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाती है। उनकी इस यात्रा और हमारी सार्थक चर्चाओं से, हम आपसी सद्भाव के जरिए कई ठोस परिणामों में बदल रहे हैं।' संयुक्त वार्ता में प्रधानमंत्री ने सभ्यतागत संबंधों और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नए मुकाम तक ले जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'एक दशक पहले, मेरी वियतनाम यात्रा के दौरान, वियतनाम आसियान में भारत का पहला कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनर बना था। तब से, हमारे संबंधों ने तेज और व्यापक प्रगति की है। सभ्यतागत संबंधों के साथ-साथ, हमारे ट्रेड, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म संबंध भी और मजबूत हुए हैं।' प्रधानमंत्री ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि इन संबंधों को नया आकार देने के लिए हम समर्पित हैं।



## सरकार हर नागरिक की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्धः रेखा गुप्ता

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार हर नागरिक की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती गुप्ता ने बुधवार को यहाँ से 13 मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका उद्देश्य भीषण गर्मी और हीटवेव के दौरान लोगों को राहत पहुंचाना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजधानी में लू के असर को कम करने के लिए तैयार किए गए 'हीट एक्शन प्लान 2026' की बुकलेट भी जारी की। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी और हीटवेव की चुनौती से निपटने के लिए दिल्ली सरकार व्यापक और जन-केंद्रित कदम उठा रही है ताकि नागरिकों को बेहतर सुरक्षा और राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि राहत को सीधे लोगों तक पहुंचाना है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार ने सभी 13 जिलों के लिए 13 विशेष मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स तैयार की हैं। ये यूनिट्स शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराएंगी। 'गर्मी से जंग, दिल्ली सरकार के संग' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता है।

**संक्षिप्त खबरें**

## तीनों सेनाओं के संयुक्त कमांडर्स का सम्मेलन, रक्षा मंत्री होंगे शामिल



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।** भारत की तीनों सेनाओं, यानी भारतीय वायुसेना, नौसेना व थलसेना के कमांडर्स का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन इसलिए भी विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर 7 मई को आयोजित किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 7-8 मई को राजस्थान के जयपुर में आयोजित होने वाले इस संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन में शामिल होंगे। सैन्य कमांडर्स यहां ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष बाद की मौजूदा स्थिति पर जानकारी भी देंगे। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता का प्रतीक माना जाता है, जिसमें सटीक और निर्णायक कार्रवाई देखने को मिली थी। यह कमांडर्स सम्मेलन 'नए क्षेत्रों में सैन्य क्षमता' विषय पर आधारित है।

## स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के दिशानिर्देश जारी, विद्यालय प्रबंधन की होगी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को नई दिल्ली में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए। इन दिशा-निदेशों का उद्देश्य देशभर के विद्यालयों में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करना और स्कूल प्रबंधन को अधिक प्रभावी व जवाबदेह बनाना है। एसएमसी को विद्यालय प्रबंधन में अहम भूमिका दी गई है। इसके अंतर्गत विद्यालय की विकास योजना तैयार की जाएगी। शैक्षणिक गुणवत्ता की निगरानी भी यही समिति करेगी। समिति वित्तीय प्रबंधन और सामाजिक लेखा परीक्षण सुनिश्चित करेगी।

## धामी ने विकास योजनाओं के लिए प्रदान की 4.42 करोड़ रुपए की धनराशि



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद चम्पावत, उत्तरकाशी एवं पिथौरागढ़ से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 4.42 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। मुख्यमंत्री द्वारा सभी विकास योजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित विभागों को कार्यों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणा ह्यभिंगराड़ा मंदिर सील का सौंदर्यकरणह्न के लिए 74.25 लाख रुपए की स्वीकृति के सापेक्ष अवशेष 29.70 लाख रुपए, ह्यककराली टनकपुर से मां पूर्णागिरी धाम तक यात्रा मार्ग में स्ट्रीट लाइट स्थापनाह्न कार्य के लिए 5.00 करोड़ रुपए की स्वीकृति के सापेक्ष 2.00 दो करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

## नोएडा में एलिवेटेड रोड परियोजना ने पकड़ी रफ्तार, 50 प्रतिशत काम पूरा

» **नोएडा, यूटर्न/ 06 मई।**



शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में चिल्ला रेगुलेटर (दिल्ली) से महामाया फ्लाईओवर होते हुए एम.पी.-3 मार्ग तक बन रही एलिवेटेड रोड परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है।

नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने बुधवार को इस महत्वाकांक्षी परियोजना का स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी, महाप्रबंधक (सिविल) एस.पी. सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह सहित उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के अधिकारी अपनी-अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने विधायक को परियोजना की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया और बताया कि अब तक लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। यह प्रगति निर्धारित लक्ष्य से भी आगे बताई जा रही है, जिस पर विधायक ने संतोष जताया। यह एलिवेटेड रोड परियोजना नोएडा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार की संयुक्त भागीदारी में तैयार की जा रही है। करीब 5.570 किलोमीटर लंबी इस छह लेन की सड़क को 892.75 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नोएडा और दिल्ली के बीच यातायात को सुगम बनाना और जाम की समस्या को कम करना है।


## सफाई को लेकर केजरीवाल की टिप्पणी से स्तब्ध हैं दिल्ली के लोग: सचदेवा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**



दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सफाई व्यवस्था के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है और कहा है कि उनकी टिप्पणी से दिल्ली के लोग स्तब्ध हैं

श्री सचदेवा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने आज दिल्ली को लेकर उनके एक विधायक अजय दत्त की सोशल मीडिया पोस्ट को री-पोस्ट करके यहां की सफाई व्यवस्था पर टिप्पणी की है, जिसे देख लोग स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक द्वेष से काम लेते हुए श्री केजरीवाल ने 10 साल दिल्ली नगर निगम की निधि काटी या रोके जिसके चलते एमसीडी की स्वच्छता सेवाएं कुप्रभावित हुई थीं, विगत एक वर्ष में जब से दिल्ली को तीन इंजन की सरकार मिली है, तब से एमसीडी की सामान्य रखरखाव, स्वच्छता, प्राइमरी शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा सभी में सुधार साफ दिखता और महसूस होता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 12 साल से अम्बेडकर नगर की जनता लगातार विधायक रहे दत्त से और निगम पार्षदों अरूण नावरिया तथा रेखा सांकला से गंदगी की शिकायत करती रही है, लेकिन ना कभी विधायक तथा पार्षदों ने और ना खुद श्री केजरीवाल ने शिकायतों पर ध्यान दिया।



## हर जरूरतमंद का बनवाएं आयुष्मान कार्ड : योगी

» **गोरखपुर, यूटर्न/ 06 मई।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों सेलोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि सरकार इलाज कराने में भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

योगी ने जनता दर्शन में आये लोगों का प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया और साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पति से कहासुनी के बाद घर का सामान ले गई महिला, रिपोर्ट दर्ज

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 मई।** वसुंधरा निवासी किशन कुमार ने पत्नी टीना समेत चार लोगों के खिलाफ पांच मई को प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि आपसी कहासुनी के बाद पत्नी उनके घर का पूरा सामान ट्रक में भरकर ले गई। इसमें पत्नी के रिश्तेदार प्रकाश, संगीता और ऐश ने उसकी मदद की। उन्होंने पुलिस से पत्नी पर कार्रवाई करते हुए सामान वापस कराने की मांग की है। दर्ज मामले में किशन ने बताया कि वह चालक है और उन्नाव के सफीपुर टोला निवासी टीना से 14 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। 19 अप्रैल को पत्नी से उनकी कहासुनी हो हुई तो वह ड्यूटी चले गए। जब वापस आए तो देखा कि घर पूरा खाली था। उनके पड़ोसी ने बताया कि टीना ने मायके पक्ष के लोगों को बुलाया और ट्रक में सामान लादकर ले गए। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों को नोटिस जारी किया जा रहा है। जल्द ही हिरासत में लेकर कार्रवाई की जाएगी।

### गाली-गलौज के विरोध पर धारदार हथियार से हमला किया, एक घायल

**लोनी, यूटर्न/ 06 मई।** कारखाने में काम करने के दौरान बेटे को गाली देने का विरोध करना पिता को भारी पड़ गया। कोतवाली क्षेत्र के अपर कोर्ट इलाके में कारखाने में काम करने के दौरान दो युवकों ने पिता पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। अनवर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका छोटा बेटा फैजान घर के पास शाहरुख के कारखाने में काम करता है। दो मई को कारखाने में काम करने वाले अमन और रहमान ने उनके बेटे फैजान के साथ झगड़े करते हुए गाली गलौज की और उसे पीटा भी।

# नप ने मीट ब्रिकी को रोकने के लिए होटलों व दुकानों को जांचा

**पिपली व पिहोवा रोड पर जिला नगर आयुक्त के आदेशानुसार की कार्रवाई, दुकानदारों को दी चेतावनी**

» अश्विनी वालिया



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 06 मई। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि शहर में अवैध रूप से मीट ब्रिकी को लेकर नगर परिषद की तरफ से चैकिंग की गई। इस चैकिंग के दौरान टीम ने पिपली से अंबाला रोड पर स्थित ढाबो, होटलों व दुकानों को चैक किया। चैकिंग के दौरान होटलों की रसोई, उनका मैन्यू कार्ड व अंदर होटलों को चैक किया गया और आगे भी इस तरह की चैकिंग निरंतर जारी रहेगी। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जिला नगर आयुक्त के निर्देशानुसार यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद थानेसर द्वारा समय-समय पर ऐसे दुकानदारों व होटलों की चैकिंग की जाती है, जहां पर मीट बेचने का काम किया जाता है। अभी हाल में ही अमीन रोड पर नप की सीमा में चल रही कई मीट की दुकानों को सील भी किया था।

उन्होंने बताया कि सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। इस टीम द्वारा पिपली व पिहोवा रोड पर दुकानों व होटलों की चैकिंग की गई है। इस दौरान दुकानदारों को समझाया कि कुरुक्षेत्र एक धार्मिक स्थल है और यहां पर मीट की ब्रिकी पूरी तरह से प्रतिबंध है।

यदि किसी के पास मीट की ब्रिकी होती पाई तो उसपर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान दुकानें सील करने करने जैसी सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

# गाजियाबाद में अग्नि सुरक्षा को लेकर सख्ती, पांच बड़े कमर्शियल भवनों के खिलाफ कोर्ट में वाद दायर

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 मई।

गर्मियों के मौसम में बढ़ते तापमान के साथ आग लगने की घटनाओं में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा बहुमंजिला इमारतों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य न केवल आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है, बल्कि लोगों को इसके प्रति जागरूक करना भी है। अधिकारियों के अनुसार, शहर के विभिन्न बहुमंजिला भवनों में फायर ऑडिट और मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के दौरान भवनों में लगी अग्नि सुरक्षा प्रणालियों की कार्यशीलता की जांच की जा रही है। साथ ही वहां मौजूद लोगों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई भवनों में अग्निशमन सुरक्षा प्रणाली मानकों के अनुरूप कार्यशील स्थिति में नहीं है। ऐसे भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, कई मामलों में नोटिस के बावजूद भवन स्वामियों ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया। इसी लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए



जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई भवनों में अग्निशमन सुरक्षा प्रणाली मानकों के अनुरूप कार्यशील स्थिति में नहीं है। ऐसे भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए थे।

6 मई को गाजियाबाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए पांच प्रमुख कमर्शियल भवनों के मालिकों के खिलाफ जनपद न्यायालय में वाद दाखिल कराया है।

इन भवनों में अंसल सुमंगलम बिल्डिंग (प्लॉट नंबर-16), अंसल सुंदरम बिल्डिंग (प्लॉट नंबर-17), अंसल सुमेधा बिल्डिंग (प्लॉट नंबर-18), अंसल शिवम बिल्डिंग (प्लॉट नंबर-19) और अंसल सत्यम बिल्डिंग (प्लॉट नंबर-20), सभी आरडीसी, राज नगर क्षेत्र में स्थित हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि अन्य भवन स्वामी भी समय रहते अपनी अग्निशमन सुरक्षा प्रणालियों को दुरुस्त कर इसकी जानकारी नहीं देते हैं तो उनके खिलाफ भी न्यायालय में मामला दर्ज कराया जाएगा।

अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस तरह की लापरवाही को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कानूनी रूप से दंडित कराया जाएगा। इस अभियान के जरिए प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि शहर में आग से जुड़ी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके।

### वरुण कौशिक आइडियल पत्रकार संगठन कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष नियुक्त

» प्रमोद कौशिक



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 06 मई। आइडियल पत्रकार संगठन का हरियाणा प्रदेश के कुरुक्षेत्र जिले में मजबूती के साथ विस्तार करते हुए पत्रकार श्री वरुण कौशिक निवासी कुरुक्षेत्र हरियाणा को आइडियल पत्रकार संगठन कुरुक्षेत्र का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आइडियल पत्रकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक की संस्तुति एवं सहमति तथा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमारी से विचार विमर्श करने के उपरांत की गई है। यह नियुक्ति अवैतनिक है और तत्काल प्रभाव से लागू होगी। आइडियल पत्रकार संगठन संपूर्ण परिवार की तरफ से आपको बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। अजय कुमार मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष आइडियल पत्रकार संगठन कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत।

### बाढ़ से संभावित खतरों से निपटने के लिए संबंधित विभाग करें समय से पूर्व तैयारीः एसडीएम



» निर्मल सिंह

**पानीपत, यूटर्न/ 06 मई।** प्रदेश में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को अलर्ट पर रखते हुए आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों को समय रहते पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डी.के. बहरा (आईएएस) ने प्रदेश के उपायुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक में संभावित बाढ़ से निपटने की रणनीति, संसाधनों की उपलब्धता और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और राहत कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। बैठक के बाद एसडीएम मनदीप सिंह ने स्थानीय अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आपदा के समय लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर विभाग को अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभानी होगी। एसडीएम ने सिंचाई विभाग को नहरों, ड्रेनों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस विभाग को कानून व्यवस्था बनाए रखने और राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग के लिए तैयार रहने को कहा गया। पीडब्ल्यूडी विभाग को सडकों और पुलों की जांच कर वैकल्पिक मार्गों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को संभावित प्रभावित क्षेत्रों में दवाइयों, चिकित्सा सुविधाओं और मेडिकल टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए चारा, टीकाकरण और सुरक्षित स्थानों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

# गर्लफ्रेंड की चुन्नी से युवक ने लगाई फांसी, दोनों शादीशुदा, 3-3 बच्चों के माता-पिता

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 मई।

हरियाणा के फरीदाबाद के खेड़ी थाना क्षेत्र के टीकवाली गांव के पास स्थित एक होटल में लगभग 30 वर्षीय एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नजीर के रूप में हुई है, जो पेशे से इंटीरियर डिजाइनिंग का काम करता था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नजीर का पिछले करीब दो वर्षों से ज्योति नामक 26 वर्षीय महिला के साथ प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। दोनों पहले से ही शादीशुदा हैं और तीन-तीन बच्चों के माता-पिता भी बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से दोनों के रिश्ते में तनाव चल रहा था और आपसी विवाद बढ़ता जा रहा था।

घटना वाली रात दोनों एक-दूसरे से मिलने के लिए टीकवाली गांव के पास स्थित लविश नामक होटल में पहुंचे थे। तय समय के अनुसार, दोनों होटल के कमरे में पहुंचे और आपस में बातचीत करने लगे। रात करीब 11 बजे रिश्ते को



लेकर गंभीर चर्चा शुरू हुई। इसी दौरान ज्योति ने नजीर से साफ शब्दों में कह दिया कि वह अब उससे कोई रिश्ता नहीं रखना चाहती और यह उनकी आखिरी मुलाकात है। यह बात सुनकर नजीर काफी नाराज हो गया। जिसके बाद दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाथापाई तक की नौबत आ गई। बताया जा रहा है कि होटल के कमरे में काफी देर तक झगड़ा चलता रहा।

रात करीब 12 बजे के आसपास झगड़े के बाद ज्योति होटल से चली गई, जबकि नजीर, होटल के कमरे में ही रुक गया। बताया जा रहा है कि जल्दबाजी में ज्योति की सूट की चुन्नी कमरे में ही छूट गई थी। इसके बाद नजीर ने उसी चुन्नी से पंखे के सहारे फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

# युवक-युवती के तीन मंजिला मकान से गिरने का मामला, पति-पत्नी गिरफ्तार

» नोएडा, यूटर्न/ 06 मई।

नोएडा के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 4 मई को एक तीन मंजिला मकान की छत से गिरने की घटना में युवक की मौत हो गई थी, जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है, जो इस घटना के मुख्य आरोपी बताए जा रहे हैं।

घटना सेक्टर-22 स्थित जी ब्लॉक की है, जहां किराए पर रह रहे युवक पुनीत चौहान और उसकी महिला मित्र विद्या दास एक मकान पर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि किसी निजी विवाद को सुलझाने और माफी मांगने के लिए दोनों आरोपी हितेश राणा के घर गए थे। इसी दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी हितेश राणा को पत्नी चंचल और पुनीत चौहान के बीच संपर्क को लेकर पहले से ही गुस्सा था। जब पुनीत अपनी महिला मित्र के साथ उसके घर पहुंचा तो गुस्से में आकर हितेश राणा और उसकी पत्नी चंचल ने दोनों के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान घर में रखी हॉकी का इस्तेमाल किया गया।

मारपीट के दौरान स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुनीत चौहान और विद्या दास तीसरी मंजिल से नीचे गिर गए। इस हादसे में पुनीत



चौहान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल विद्या दास को इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया था।

घटना की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-24 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने 6 मई को आरोपी पति-पत्नी हितेश राणा (33 वर्ष) और चंचल (27 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक हॉकी भी बरामद की गई है। पुलिस ने इस मामले में हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# भाजपा की जीत पर हिन्दू एकता वाहिनी ने सहकार भवन में हनुमान चालीसा पाठ कर मनाया जश्न

## पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों पर जनता ने अपनी मुहर लगाई : पीयूष मेहता

» **हरियाणा, यूटर्न/ 06 मई।**



हिन्दू एकता वाहिनी द्वारा स्थानीय आईटीआई चौक के पास स्थित सहकार भवन में भाजपा की जीत सात बार हनुमान चालीसा पाठ कर जश्न मनाया और लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर हिन्दू एकता वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक पीयूष मेहता ने सभी का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। पीयूष मेहता ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की ताकत और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों पर जनता ने अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने कार्यकताओं के समर्पण और मेहनत को इस जीत का महत्वपूर्ण आधार बताया। प्रदेश अध्यक्ष पीयूष मेहता ने कहा कि यह विजय केवल किसी एक व्यक्ति या दल की नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पित रहने का आ'ान किया।

सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और प्रदेश तथा देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विकास बिश्नोई, सुरेंद्र मेहता, संजय खरींटा, मोहित गिरधर, राजेंद्र, विक्की अरोड़ा, गौरव, साहिल, विपिन कुकरेजा, ललित, गुलशन, सोनू चावला, दर्शन नारंग, यशपाल खेड़ा, रंजीव राजपाल, अनिल नारंग, विजय परुथी, अजय ग्रोवर, गौरव कटारिया, श्याम वधवा, मनोहर अनेजा, मनोज, संदीप भाटिया, रिंकू, हरीश भाटिया, सज्जन, आत्मप्रकाश, देसराज, श्यामलाल नारंग, बिट्टू वर्मा, कर्मजीत फौजी, शंकर व संदीप भाटिया समेत हिंदू एकता वाहिनी की पूरी टीम मौजूद रही।

# इग्नू ने 31 मई तक बढ़ाई असाइनमेंट्स जमा करने की अंतिम तिथि: डा धर्मपाल

» **निर्मल सिंह**



पानीपत, यूटर्न/ 06 मई। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई 2026 कर दी गई है। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि सभी असाइनमेंट हस्तलिखित ही तैयार करें। असाइनमेंट के साथ कवर पेज (जिसमें विद्यार्थी की सभी आवश्यक जानकारी हो), संबंधित प्रश्न पत्र, इग्नू का आईडी कार्ड और रजिस्ट्रेशन स्टेटस का प्रिंट आउट जरूर लगाएं। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि विद्यार्थी अपने असाइनमेंट अपने-अपने अध्ययन केंद्र पर केवल रविवार को ही जमा करने के लिए जाएँ। जबकि अध्ययन केंद्र कोड 1075, 1087 एवं 1000 के विद्यार्थी किसी भी कार्य दिवस में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, करनाल में अपने असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी सलाह दी कि असाइनमेंट जमा करने से पूर्व उसकी एक पीडीएफ प्रति अपने पास सुरक्षित रखें तथा जमा करते समय अध्ययन केंद्र से डायरी नंबर अवश्य प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए वह आपके काम आ सके।

# सतनाम वाहे गुरुजी का जाप श्रद्धालुओं में भर रहा तख्त सचखंड हजूर साहिब की ओर जाने का जज्बा



» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 06 मई। सतनाम वाहेगुरु सतनाम वाहेगुरु का जाप और गुरुवाणी का पाठ श्रद्धालुओं को तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र में जाने का जोश और जज्बा भरता रहा। यह यात्रा कुरुक्षेत्र से चलकर दूसरे दिन उत्तर प्रदेश से होती हुई मध्य प्रदेश से गुजर रही है। इस ऐतिहासिक व यादगार धार्मिक यात्रा करवाने के लिए सभी श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरूक्षेत्र से श्री हजूर साहिब नादेंड के लिए धार्मिक यात्रा को रवाना किया था। यह उतर प्रदेश से मध्य प्रदेश पहुंच चुकी है। कुरूक्षेत्र निवासी दर्शन खन्ना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार के प्रयासों से सीनियर सिटीजन. धार्मिक यात्रा कर पा रहे है। यह यात्रा निःशुल्क है और ट्रेन में खाने पानी की उच्च स्तरीय व्यवस्था की गई है। इसके लिए सभी यात्री सरकार के प्रयासों की तारीफ कर रहे है। धार्मिक यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को रात्रि के समय पौष्टिक भोजन दिया गया। वहीं सुबह के समय हाई टी व नाश्ते के समय पोहा और फल, भोजन दिया गया। मामू माजरा ने कहा कि सभी श्रद्धालु वाहे गुरू का नाम जप रहे हैं और रात्रि को सोने से पहले और सुबह जल्दी उठकर गुरुवाणी का सिमरन कर रहे है। इससे श्रद्धालुओं में तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ के दर्शन करने की जिज्ञासा बढ़ती जा रही है। लखविन्द्र सिंह पलवल डेरा ने कहा कि सरकार ने दूर दराज के धार्मिक स्थलों की यात्रा व गुरु साहिब के पवित्र स्थल के दर्शन में असमर्थ श्रद्धालुओं हेतु धार्मिक यात्रा करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। इसके लिए प्रदेश सरकार के साथ साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशेष तौर पर बधाई के पात्र है।

सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की तरफ से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत कुरुक्षेत्र से 5 मई से 10 मई तक तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र की धार्मिक यात्रा करवाई जा रही है और जगह जगह हरियाणा व दिल्ली में स्वागत भी किया है।

**यात्रा ट्रेन में चिकित्सकों का सराहनीय योगदान**

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत कुरुक्षेत्र से श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र में यात्रियों को लेकर जाने वाली विशेष ट्रेन में सिविल अस्पताल कुरूक्षेत्र के डॉक्टरों द्वारा यात्रियों को दी जा रही। इस प्रकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों एवं यात्रियों की सुरक्षित और सुखद यात्रा सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सा टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डॉक्टरों की टीम ने बुजुर्गो की शुगर, बीपी व नियमित जांच की

ट्रेन में डा. मनिंदर जीत सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने पूरी यात्रा के दौरान यात्रियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और यात्रियों को शुगर, बीपी एवं दर्द निवारक दवाइयां उनकी सीट पर ही उपलब्ध करवाई जा रही है।



# कायचिकित्सा विभाग में जीवनशैली रोगों पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**हरियाणा, यूटर्न/ 06 मई।** नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एवं अस्पताल, बरवाला के कायचिकित्सा विभाग द्वारा 'डायबिटीज, मोटापा एवं थायरॉइड विकारों में लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन' विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सर्वेश हॉस्पिटल, हिसार के डॉ. राजीव पाखेत्रा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. त्रिभुवन पारीक द्वारा अतिथि के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कायचिकित्सा विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे तथा सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अपने व्याख्यान में डॉ. पाखेत्रा ने डायबिटीज, मोटापा एवं थायरॉइड विकारों के कारण, लक्षण एवं प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, व्यायाम, योग तथा तनाव प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया, साथ ही आयुर्वेदिक सिद्धांतों के अनुरूप जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम को मीडिया में भी स्थान मिला तथा इस संबंध में एक समाचार पत्र में रिपोर्ट प्रकाशित की गई। कुल मिलाकर यह आयोजन सफल रहा और विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूकता बढ़ी।

# अक्षय कुमार बने क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के ब्रांड एंबेसडर

» **राजेश सलूजा**



हरियाणा, यूटर्न/ 06 मई। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने सुपरस्टार अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस अवसर पर कंपनी ने उनके साथ राष्ट्रीय कैंपेन 'देश का किसान, देश का असली हीरो' भी लॉन्च किया, जो किसानों के योगदान और उनके रोजमर्रा के साहस को समर्पित है। यह कैंपेन टीवी, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और ग्राउंड लेवल एक्टिविटीज के जरिए देशभर में चलाया जाएगा। यह साझेदारी कंपनी की तीन दशकों से चली आ रही कृषि क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता को अक्षय कुमार की लोकप्रियता के साथ जोड़ती है। इसके माध्यम से कंपनी किसानों से अपने संबंधों को और मजबूत करने, उन्हें उन्नत फसल सुरक्षा समाधान और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य रखती है। कंपनी के एक्ज़िक्यूटिव चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर अंकुर अग्रवाल ने कहा, 'अक्षय कुमार दृढ़ता, अनुशासन और उद्देश्य की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो हमारे सिद्धांतों से मेल खाते हैं। यह साझेदारी हमारे लिए एक राष्ट्रीय आइकन को देश के अन्नदाता से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। किसान हमारे अस्तित्व का आधार हैं।' ब्रांड एंबेसडर अक्षय कुमार ने कहा, 'क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के साथ जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। यह ऐसा ब्रांड है जो किसानों के साथ सिर्फ शब्दों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर खड़ा है। हम मिलकर भारतीय किसान का सम्मान करेंगे और आधुनिक, आत्मविश्वासी कृषि को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।' क्रिस्टल ब्रांड्स बिजनेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सोहित सत्यावली ने कहा, 'अक्षय कुमार की विश्वसनीय और प्रामाणिक छवि हमारे ब्रांड में भरोसा जोड़ेगी। यह सहयोग किसानों तक उन्नत फसल समाधान पहुंचाने और उन्हें अधिक लाभदायक खेती की ओर अग्रसर करने में मदद करेगा।'

# मजदूर ,किसानों के अधिकार दिलवा कर ही दम लेगा एचएमकेपी : एल कलप्पा

» **सुनील बाजपेई**



कानपुर, यूटर्न/ 06 मई। हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. कलप्पा ने इस साल के मनाए गए मई दिवस को निरर्थक बताते हुए कहा है कि जब तक श्रमिकों और मजदूरों के हितों से संबंधित सारी मांगे पूरी ना हो जाएं। उनके हित होने की शुरूआत ना हो जाए। तब तक मई दिवस के स्थान पर हर साल काला दिवस ही मनाया जाना चाहिए। अवगत कराते चलें कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. कलप्पा ने इस साल के बीते मई दिवस को भी काला दिवस के रूप में मनाने की अपील सभी ट्रेड यूनियनों से की थी। इस बीच श्रमिकों, मजदूरों और कर्मचारियों के हित में लगातार संघर्ष कर रहे हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने व्यक्तव्य जारी करते हुए कहा है कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल कलप्पा ने कहा है कि मई दिवस शुरूआत 1886 में शिकागो में श्रमिक द्वारा 08 घण्टे के कार्य दिवस की मांग को लेकर एतिहासिक संघर्ष से हुई थी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. कलप्पा के मुताबिक एकता, प्रतिरोध और श्रमिकों द्वारा बड़ी मुश्किल से हासिल किये गये अधिकारों का प्रतीक है हिन्द मजदूर किसान पंचायत की नजर में मोदी, अमित शाह सरकार की वर्तमान नितियों ने इन्ही सिद्धान्तों को कमजोर किया है। चार श्रम संधिताओं (लेबर कोड) को लागू करके श्रमिको की सुरक्षा से जुड़े प्राविधानों को हल्का करने ट्रेड यूनियन अधिकारों को कमजोर करने ठेका प्रणाली को बढ़ावा देने और श्रमिको के कल्याण के बजाय कारपोर्रेट हितों को प्राथमिकता देने के माध्यम से किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चार हजार रुपये लेकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का आरोप

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 06 मई।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रुपये लेकर फर्जी प्रमाण पत्र बनाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पार्षद से कर जांच की मांग की है। आरोप है कि चार हजार रुपये लेकर महिला ने बेटियों का जन्म प्रमाणपत्र बनाया था। बाद में पता चला कि वह फर्जी है और ऑनलाइन रिकॉर्ड नहीं है। अब इस मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की गई है। स्थानीय पार्षद रवि भाटी ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले आरिफ ने उनसे इस मामले की शिकायत कर सही प्रमाण पत्र बनवाए जाने की मांग की है। पीड़ित आरिफ ने बताया कि उनकी चार वर्षीय बेटी एलिस और ढाई साल की अन्हा है। दोनों बेटियों के सभी टीके इसी स्वास्थ्य केंद्र से लगे हैं। अन्हा के जन्म के बाद उन्होंने दोनों बेटियों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के बारे में पता किया। आरोप है कि केंद्र पर तैनात महिला ने कहा कि बड़ी बेटी के जन्म को काफी समय हो गया है। इसलिए थोड़ी दिक्कत है, लेकिन वह बनवा देगी। उसने दोनों बेटियों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के एवज में चार हजार रुपये लेकर दोनों के जन्म प्रमाण-पत्र दे दिए। हाल ही में उन्होंने बेटियों के आधार कार्ड के लिए आवेदन किया तो पता चला कि वह फर्जी प्रमाण पत्र हैं। उन्होंने नगर निगम में जाकर बेटियों के जन्म प्रमाण पत्र दिखाए तो वहां पर भी फर्जी बताए। कर्मचारियों ने बताया कि इसका ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। आरिफ की मां व पत्नी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची, जहां वह महिला कर्मचारी नहीं मिली।

### बेटे ने गला दबाकर की थी हत्या, सीसीटीवी में मिले साक्ष्य

**लोनी, यूटर्न/ 06 मई।** कोतवाली क्षेत्र के टोली मोहल्ला कॉलोनी स्थित घर के अंदर बुजुर्ग अजीजुद्दीन का शव मिलने के मामले में पुलिस को बेटे और एक महिला के खिलाफ हत्या के साक्ष्य मिले हैं। बुजुर्ग की हत्या के पीछे बेटे को संपत्ति से बेदखल करने का कारण भी सामने आया है। बुजुर्ग की गला दबाकर हत्या की गई थी और अपने ही घर में शव मिला था। हत्या को लेकर पुलिस को सीसीटीवी कैमरे से कई साक्ष्य मिले हैं और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि टोली मोहल्ला निवासी अजीजुद्दीन (65) का शव घर के पास के बेसमेंट में बने कमरे से आठ अप्रैल को सड़ी-गली हालत में मिला था। कमरा बाहर से बंद था। पोस्टमार्टम में बुजुर्ग की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी।

# मोबाइल लूट और बाइक चोरी गैंग का पदार्फाश, तीन गिरफ्तार; 10 लाख का माल बरामद

» **नोएडा, यूटर्न/ 06 मई।**



नोएडा के थाना सेक्टर-113 पुलिस ने एक बड़े वाहन चोरी और मोबाइल लूट गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही से चोरी की 10 मोटरसाइकिल (जिसमें एक मोटरसाइकिल के कटे हुए पार्ट्स भी शामिल हैं) और लूटे/चोरी किए गए 4 स्मार्टफोन बरामद किए हैं।

बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, 6 मई को ग्राम पर्थला, नोएडा क्षेत्र से अभियुक्त राहुल उर्फ शेरा, सनी कुमार और वासु कैरवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि ये तीनों मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे और भीड़भाड़ वाले स्थानों को अपना निशाना बनाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्त पहले मॉल, सब्जी मंडी, और सराफा बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल जाकर रेकी करते थे। इसके बाद मौका देखकर पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिलों का लॉक तोड़कर उन्हें चोरी कर लेते थे। चोरी की गई मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल ये लोग राह चलते लोगों से मोबाइल फोन लूटने और छिनैती करने में करते थे। वारदात के बाद ये मोटरसाइकिलों को काटकर उनके पार्ट्स अलग-अलग बेच देते थे, जिससे पुलिस के लिए उन्हें ट्रेस करना मुश्किल हो जाता था। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल उर्फ शेरा (21 वर्ष), सनी कुमार (25 वर्ष) और वासु कैरवार (19 वर्ष) शामिल हैं। ये सभी अलग-अलग जगहों के निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में नोएडा क्षेत्र में रहकर अपराध को अंजाम दे रहे थे।

# नांगलोई में गैर-कानूनी एलपीजी रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़; 96 सिलेंडर जब्त, 3 गिरफ्तार



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

दिल्ली क्राइम ब्रांच ने नांगलोई के बक्करवाला इलाके में गैर-कानूनी एलपीजी रिफिलिंग और जमाखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। क्राइम ब्रांच ने पुलिस के साथ मिलकर खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की। इस दौरान 96 एलपीजी सिलेंडर के साथ-साथ इस गैर-कानूनी काम में इस्तेमाल होने वाली गाड़ियां और सामान जब्त किए गए। साथ ही, रैकेट में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, इस गैर-कानूनी काम में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों को बिना इजाजत के स्टोर करना, उनमें छेड़छाड़ करना और उन्हें फिर से भरना शामिल था, जिन्हें कथित तौर पर ब्लैक मार्केटिंग और कीमत बढ़ाकर दूसरी जगह भेजा जा रहा था।

पुलिस टीम को नांगलोई इलाके में गैर-कानूनी एलपीजी जमाखोरी और फिर से भरने की गतिविधियों के बारे में खास जानकारी मिली थी, इसलिए, उन्होंने इनपुट पर तुरंत कार्रवाई की और छापेमारी की। यह छापेमारी नांगलोई के लक्ष्मी नगर में बक्करवाला रोड पर जय शिव नर्सरी के पीछे एक खाली प्लॉट पर की गई। कार्रवाई के दौरान, साइट पर कुल 96 एलपीजी सिलेंडर रखे हुए मिले। साथ ही, मौके पर मौजूद तीन गाड़ियों में कई सिलेंडर भी लोड किए हुए मिले। इस दौरान तीन लोग सुल्तानपुरी के रहने वाले विनोद (37), नांगलोई के रहने वाले विजय (38) और कंझावला के रहने वाले वंश राज (26), गाड़ियों के साथ उस जगह पर मौजूद मिले।

पूछताछ करने पर, तीनों लोग कोई भी वैलिड डॉक्यूमेंट्स नहीं दिखा पाए या इतनी बड़ी मात्रा में एलपीजी सिलेंडर रखने का कोई संतोषजनक कारण नहीं बता पाए। बरामदगी की मात्रा को देखते हुए, विकासपुरी के फूड एंड सप्लाई ऑफिसर (एफएसओ) को सूचना देकर उन्हें मौके पर बुलाया गया। जांच के बाद, एफएसओ ने कन्फर्म किया कि बिना सही इजाजत के एलपीजी सिलेंडर का ऐसा जमावड़ा और उन्हें संभालना गैरकानूनी है।

आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के सेक्शन 125, 318(2) और 3(5) के साथ-साथ एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट, 1955 के सेक्शन 3 और 7 के तहत केस दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने भारत सरकार के पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय के 5 मार्च, 2026 के ऑर्डर नंबर एम-13017(11)/1/2026-एलपीजी-पीएनजी के आदेशों का साफ उल्लंघन किया था। पुलिस ने 96 एलपीजी सिलेंडर, तीन ट्रांसपोर्ट गाड़ियां (दो टाटा ऐस टेम्पो और एक बजाज मैक्सिमा), वजन करने वाली तीन मशीनें और दो मेटल के पाइप बरामद किए। बताया जा रहा है कि इन पाइपों का इस्तेमाल एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था।

पूछताछ के दौरान, यह सामने आया कि आरोपी एलपीजी डिलीवरी सर्विस से जुड़े थे और उन्हें एक गैस एजेंसी के जरिए घरेलू गैस सिलेंडर मिलते थे। सिलेंडर को उनके तय रूट पर पहुंचाने के बजाय, वे उन्हें एक खाली प्लॉट पर ले जाते थे, जहां वे गैर-कानूनी स्टॉक जमा करते थे।

### नगर निगम नहीं करा रहा पेड़ों की छटाई, लोगों ने लगाया नजरंदाजी का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 मई।** शहर की सड़कों पर पेड़ों की टहनियां इस कदर बड़ी हो गई हैं कि अब उनसे हादसे का खतरा मंडरा रहा है। शास्त्रीनगर व गोविंदपुरम इलाके में रहने वाले लोग नगर निगम के कर्मचारियों पर नजर अंदाजी का आरोप लगा रहे हैं। वहीं, स्थानीय पार्षद का कहना है कि इस मामले में लिखित में शिकायत नहीं मिली है। गोविंदपुरम निवासी प्रदीप कुमार का कहना है कि इलाके में एनडीआरएफ रोड पर लगे पेड़ों की लंबे समय से छटाई नहीं की जा रही है। इसके चलते उनके तने व टहनियां मुख्य मार्ग की तरफ लटकने लगी हैं। इसके कारण बड़े वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। वहीं, शास्त्रीनगर सी ब्लॉक निवासी पंकज चौधरी ने बताया कि इलाके में एक पिलखन का पेड़ है। इसकी वजह से स्कूल बस व अन्य वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है। इस पेड़ की टहनियां नीचे तक आ गई हैं। ब्रजेश दुआ ने बताया कि निगम कर्मी अक्सर यह कहकर जिम्मेदारी टाल देते हैं कि लिखित में शिकायत उच्च अधिकारियों को दीजिए। वहीं शास्त्री नगर में परचून की दुकान चलाने वाले दिनेश चौधरी का कहना है कि नगर निगम कर्मचारियों से भी कई बार मौखिक रूप से अनुरोध किया गया है, लेकिन हर बार शिकायत को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उधर, स्थानीय पार्षद अमित त्यागी का कहना है कि इस मामले की लोगों ने मौखिक तौर पर शिकायत की है। जल्द ही लोगों से लिखित में शिकायत लेकर वन विभाग से इसकी अनुमति लेकर इसकी छटाई करा दी जाएगी।

### दहेज में महंगी कार न मिलने पर पति समेत चार पर प्राथमिकी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 मई।** कनावनी निवासी विवाहिता ने पति समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। दहेज में महंगी गाड़ी न मिलने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया। पुलिस ने 5 मई को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2025 में उसकी शादी नोएडा स्थित एक निजी बैंक के कर्मचारी से हुई थी। शादी के बाद केवल 12 दिन ही पति उनके साथ रहा और फिर नोएडा जाकर रहने लगा। इस दौरान पति और ससुराल वालों ने महंगी कार की मांग करते हुए उत्पीड़न शुरू कर दिया। आए दिन मारपीट करने लगे और करीब एक माह पहले घर से भी निकाल दिया। इसके बाद वह मायके आ गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि पति का नोएडा में ही किसी महिला से अवैध संबंध भी है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में पति, ननद-ननदोई और भांजी को नामजद किया गया है।

# विवेक विहार अग्निकांड में पीड़ितों पर दोष मढ़कर अपनी नाकामी छिपा रही सरकार: सौरभ भारद्वाज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**



आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने विवेक विहार में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए पीड़ितों को ही दोषी ठहरा रही है। इस दर्दनाक हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक डेढ़ साल का मासूम बच्चा भी शामिल था। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सरकार यह तर्क दे रही है कि मकान में ऊपर जाने के लिए केवल एक ही सीढ़ी थी, जिसकी वजह से लोग बाहर नहीं निकल पाए, लेकिन असली सवाल यह है कि दमकल विभाग को मौके पर पहुंचने और बचाव कार्य शुरू करने में करीब 50 मिनट की देरी क्यों हुई। उन्होंने यह भी पूछा कि फायर ब्रिगेड के वॉटर कैनन में पर्याप्त पानी का दबाव क्यों नहीं था, जिससे आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका।

उन्होंने कहा कि इससे पहले पालम में हुए अग्निकांड में भी सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए पीड़ितों को जिम्मेदार ठहराया था। उस घटना में भी 9 लोगों की मौत हुई थी। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि हर बार सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ऐसी ही दलीलें देती है। सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री आशीष सूद से सवाल करते हुए कहा कि क्या उनके अपने घरों में ऊपर जाने के लिए एक से ज्यादा सीढ़ियां हैं? उन्होंने कहा कि दिल्ली के अधिकांश घरों में एक ही सीढ़ी होती है, ऐसे में इसे हादसे का कारण बताना तर्कसंगत नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दमकल विभाग को सूचना देने के करीब 20 मिनट बाद गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन उपकरण तैयार करने में ही 30 मिनट और लग गए। इस देरी के कारण लोगों को समय पर बचाया नहीं जा सका। कई लोग छत और छज्जों से मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भारद्वाज ने यह भी सवाल उठाया कि सरकार द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि मकान में ऑटोमैटिक लॉक लगे थे, जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं था। उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार पीड़ितों पर ही दोष डालकर अपनी जवाबदेही से बचना चाहती है। इसके साथ ही, उन्होंने 18 मार्च को हुए पालम अग्निकांड की जिलाधिकारी जांच रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक न होने पर भी सवाल उठाए।

# खुले तार और मीटर पर ऊर्जा निगम नहीं दे रहा ध्यान

» **वसुंधरा, यूटर्न/ 06 मई।**

सेक्टर-15 स्थित शिखर एन्क्लेव सोसायटी में ऊर्जा निगम की लापरवाही कभी भी सैकड़ों परिवारों पर भारी पड़ सकती है। चार ब्लॉक और 216 फ्लैट की सोसायटी में बिजली के मीटर खुले में लटके हुए हैं। कभी भी इनसे हादसा हो सकता है। हैरानी की बात तो यह है कि आवास विकास परिषद ने सभी फ्लैटों के मीटर बॉक्स उपलब्ध कराए, लेकिन उनका उपयोग नहीं किया जा रहा।

भीषण गर्मी में खुले मीटरों से शॉर्ट सर्किट का खतरा और बढ़ गया है। मीटरों के पास ही वाहन खड़े रहते हैं और आसपास बच्चे भी खेलते हैं। इससे किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। निवासियों का कहना है कि छोटी सी चिंगारी पूरे परिसर को आग की चपेट में ले सकती है। निवासी संदीप गुप्ता ने बताया कि कई बार बिजली विभाग के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और जेई से लेकर एसडीओ तक गुहार लगाई, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। कर्मचारी मौके पर आकर फोटो खींचते हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है। निवासियों ने दोबारा मांग उठाई है कि सभी मीटरों को सुरक्षित बॉक्स में शिफ्ट किया जाए और खुले तारों की तुरंत मरम्मत की जाए। मुख्य अभियंता, ऊर्जा निगम जोन तीन बृजेश कुमार का कहना है कि टीम को भेजकर जांच कराई जाएगी। अगर इस तरह की समस्या है तो उसका समाधान कराया जाएगा।

# भारत और जापान ने स्वास्थ्य अनुसंधान और क्वांटम टेक्नोलॉजी पर कई अहम समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

भारत और जापान ने स्वास्थ्य अनुसंधान और क्वांटम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी।

एक आधिकारिक बयान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि ये समझौते केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और जापान की विज्ञान एवं तकनीक नीति मंत्री किमी ओनोडा के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के



दौरान किए गए।

स्वास्थ्य और मेडिकल उपकरणों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओसी) जापान चिकित्सा अनुसंधान एवं विकास एजेंसी, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बीच किया गया। इसके अलावा, क्वांटम विज्ञान और तकनीक में सहयोग के लिए जापान के कैबिनेट कार्यालय और भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बीच एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) पर भी हस्ताक्षर किए गए, जिससे भविष्य की उन्नत तकनीकों में सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे।

सरकार ने बताया कि यह सहयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगस्त 2025 में जापान यात्रा के दौरान हुए समझौतों पर आधारित है, जिसमें दोनों देशों ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी।

बैठक को संबोधित करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत और जापान के बीच विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में स्वाभाविक तालमेल है। जापान की उन्नत तकनीक और भारत के कुशल मानव संसाधन एक-दूसरे के पूरक हैं।

उन्होंने बताया कि भारत में क्वांटम टेक्नोलॉजी, साइबर-फिजिकल सिस्टम, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्वच्छ ऊर्जा और एडवांस कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है, जिससे संयुक्त रिसर्च और औद्योगिक साझेदारी के नए अवसर बन रहे हैं।

# लोकप्रिय होंडा सिटी का फेसलिफ्ट मॉडल जल्द होगा लांच



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

भारतीय बाजार में जल्द ही होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस के नए फेसलिफ्ट मॉडल आने वाले हैं। होंडा अपनी लोकप्रिय सिटी का फेसलिफ्ट वर्जन 22 मई 2024 को लॉन्च करने की तैयारी में है। ये मॉडल बेहतर कम्फर्ट, अपडेटेड फीचर्स और नए डिजाइन के साथ ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तैयार हैं। यह 5वीं पीढ़ी का दूसरा अपडेट होगा, जिसमें बंपर, हेडलाइट्स, ग्रिल और टेललाइट्स जैसे हिस्सों में मामूली डिजाइन बदलाव किए जाएंगे। इसके अलावा, इसमें नए 16-इंच अलॉय वील्स और एक नया पेंट विकल्प भी मिल सकता है।

इंटीरियर में पावर एडजस्टमेंट वाली ड्राइवर सीट, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, अपडेटेड इंफोटेनमेंट सिस्टम और फुली डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर जैसे फीचर्स कंफर्ट और सहूलियत बढ़ाएंगे। स्कोडा स्लाविया फेसलिफ्ट का भी बेसब्री से इंतजार है, जिसके कैमोफ्लाज्ड म्यूल्स टेस्टिंग के दौरान कई बार देखे गए हैं। कंपनी इसे फेस्टिव सीजन के आसपास लॉन्च कर सकती है। नई स्लाविया में नए हेडलैंप्स, कनेक्टेड एलईडी डीआरएल, रिवाइज्ड फ्रंट ग्रिल, नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर के साथ नए अलॉय वील्स देखने को मिलेंगे। इंटीरियर में नए कलर स्कीम, अडास लेवल 2 और पैनोरमिक सनरूफ जैसी सुविधाएं मिल सकती हैं, जबकि इसके पावरट्रेन में कोई बदलाव नहीं होगा। फॉक्सवैगन वर्टस फेसलिफ्ट के भी इसी साल लॉन्च होने की उम्मीद है। इसके एक्सटीरियर में नया फ्रंट ग्रिल, आकर्षक हेडलाइट्स, नया रियर लुक और नए अलॉय वील्स होंगे। इंटीरियर में नए कलर ऑप्शन, पैनोरमिक सनरूफ, अडास लेवल 2 और बड़ी स्क्रीन देखने को मिल सकती है।



# सोनीपत मानव विकास रिपोर्ट 2026 दिल्ली में प्रस्तुत स्थानीय विकास चुनौतियों पर मंथन

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

सोनीपत मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) 2026, जिसे हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जनवरी 2026 में जारी किया गया था, को हाल ही में नई दिल्ली में औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ हरियाणा स्टडीज (जेआईएचएस) द्वारा किया गया, जिसमें नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों और विकास क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने रिपोर्ट के निष्कर्षों और नीतिगत प्रभावों पर चर्चा की। रिपोर्ट को हरियाणा सरकार के पूर्व मुख्य सचिव विजय वर्धन और केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त विकास गुप्ता ने जारी किया।

इस अवसर पर विश्व बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. दलाल मूसा, यूएन वूमेन की डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव कांता सिंह, शहरी विशेषज्ञ और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) के पूर्व निदेशक जगन शाह, इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अलख एन. शर्मा और यूएनडीपी इंडिया की हेड ऑफ कम्युनिकेशंस एंड स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप्स अमराह अशरफ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार, जेआईएचएस की निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) मृणालिनी झा और जिंदल स्कूल ऑफ गवर्नमेंट एंड पब्लिक पॉलिसी के डीन प्रोफेसर आर. सुदर्शन भी शामिल हुए। अपने उद्घाटन वक्तव्य में प्रोफेसर (डॉ.) मृणालिनी झा ने सोनीपत एचडीआर 2026 के प्रमुख निष्कर्षों पर प्रकाश डाला और क्षेत्रीय शोध को आगे बढ़ाने के लिए जेआईएचएस की वर्तमान और भविष्य की पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं, कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार ने जेआईएचएस जैसे संस्थानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि ये संस्थान नीतिगत रूप से प्रासंगिक और सुदृढ़ क्षेत्रीय विश्लेषण प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण हैं।

# माइक्रो इलेक्ट्रिक कार शाओमा है बेहद किफायती



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।** कार निमार्ता कंपनी बेस्ट्यून ने ने साल 2023 में अपनी माइक्रो इलेक्ट्रिक कार शाओमा को लॉन्च किया था, जो न सिर्फ बेहद किफायती है। यह कार एक बार फुल चार्ज होने पर लंबी दूरी तय करने की क्षमता रखती है। कार की सबसे बड़ी खासियत इसकी जबरदस्त रेंज है, जो स्टैंडर्ड मोड में 800 किलोमीटर तक है, और रेंज एक्सटेंडर सिस्टम के साथ यह एक बार फुल चार्ज होने पर 1200 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। इतनी कम कीमत में इतनी लंबी रेंज फिलहाल किसी और कार में देखने को नहीं मिलती। चीन में इसकी शुरुआती कीमत मात्र 30,000 युआन (लगभग 3.47 लाख रुपये) है, जबकि इसका प्रीमियम मॉडल 50,000 युआन (करीब 5.78 लाख रुपये) में उपलब्ध है। फीचर्स की बात करें तो इसमें 7-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, डुअल-टोन इंटीरियर थीम, पावर विंडो, डिजिटल क्लस्टर और म्यूजिक सिस्टम जैसे सभी जरूरी फीचर्स मिलते हैं। शाओमा अपनी 3000 एमएम लंबाई और 1510एमएम चौड़ाई के साथ काफी क्यूट और स्टाइलिश दिखती है, जो इसे भारी ट्रैफिक और तंग गलियों के लिए आदर्श बनाती है।

# पिछले दो दिनों में 87.28 लाख से ज्यादा घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की हुई डिलीवरी, सप्लाई पूरी तरह सामान्य: सरकार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि पिछले दो दिनों में देश भर में 87.28 लाख से ज्यादा घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी की गई है, जबकि इस दौरान करीब 88.82 लाख सिलेंडर की बुकिंग हुई। इन डिलीवरी में से लगभग 95 प्रतिशत डिलीवरी उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजे गए ऑथेंटिकेशन कोड के आधार पर की गईं, ताकि वितरण स्तर पर गड़बड़ी रोकी जा सके।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि मध्य पूर्व संकट के बावजूद देश में एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। खाना पकाने वाली गैस की ऑनलाइन बुकिंग 99 प्रतिशत तक पहुंच गई है, और किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर गैस की कमी की खबर नहीं है।

पिछले दो दिनों में लगभग 1.2 लाख छोटे 5 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर भी बेचे गए हैं। 3 अप्रैल से अब तक सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों



ने शहरी क्षेत्रों में प्रवासी मजदूरों के लिए छोटे सिलेंडरों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 10,400 से ज्यादा जागरूकता शिविर लगाए हैं। इसके अलावा, पिछले दो दिनों में 15,900 मीट्रिक टन से ज्यादा (करीब 8.37 लाख 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर के बराबर) कमर्शियल एलपीजी की बिक्री हुई है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कार्यकारी निदेशकों की तीन सदस्यीय समिति, राज्य सरकारों और उद्योग संगठनों के साथ मिलकर विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल एलपीजी की बिक्री की योजना तय करती है। बयान में आगे कहा गया है कि देश में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक करीब 6.31 लाख कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं और 2.67 लाख नए कनेक्शन के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है, जिससे कुल संख्या 8.98 लाख तक पहुंच गई है। इसके अलावा, करीब 6.93 लाख नए ग्राहकों ने कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए देश भर में कार्रवाई जारी है। मंगलवार को 2,100 से ज्यादा छापेमारी की गई। मंत्रालय ने बताया कि सरकारी तेल कंपनियों ने 366 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों पर जुर्माना लगाया है और 75 डिस्ट्रीब्यूटरों को निलंबित किया गया है। वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि देश भर में सभी पेट्रोल पंपों पर इन ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मंत्रालय ने आगे बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के बावजूद देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सप्लाई लगातार बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ऐप्पल ने की सस्ते मैक मिनी मॉडल की बिक्री चुपचाप बंद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।** अपने सबसे सस्ते मैक मिनी मॉडल की बिक्री ऐप्पल ने चुपचाप बंद कर दी है। इस वजह से अब ग्राहकों को इस किफायती डेस्कटॉप मैक के लिए 20 हजार रुपये अधिक खर्च करने होंगे। पहले यह मॉडल 79,900 रुपये से शुरू होता था, लेकिन अब मैक मिनी लाइनअप की शुरुआती कीमत 79,900 रुपये (यूएस में 799 डॉलर) हो गई है, जिसमें एम4 चिप, 16जीबी रैम और 512जीबी स्टोरेज मिलती है। कंपनी के इस कदम से संकेत मिलता है कि कंपोनेंट्स की कमी और आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव सीधे तौर पर खुदरा उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है। यह निर्णय तब आया जब पिछले हफ्ते एंट्री-लेवल मैक मिनी पहली बार आउट ऑफ स्टॉक हो गया था, जिसके बाद उसकी लिस्टिंग वेबसाइट से पूरी तरह गायब हो गई। केवल सबसे सस्ता मॉडल ही नहीं, बल्कि महंगे 512जीबी मैक मिनी की बुकिंग भी यूएस में जून तक के लिए पूरी हो चुकी है, और भारत में भी यह मॉडल मई के अंत तक ही डिलीवर हो पाएगा। 32जीबी मेमोरी वाले कॉन्फिग रेशन मिलना सबसे मुश्किल है। ऐप्पल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही में कंपनी की तिमाही कमाई कॉल के दौरान बताया था कि मैक मिनी और मैक स्टूडियो की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा है, खासकर एआई वर्कलोड में दिलचस्पी रखने वाले यूजर्स की तरफ से।

### मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और स्थिर नीति भारत को उभरते हुए बाजारों में रखती है आगे : मूडीज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।** दुनिया की बड़ी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी में से एक मूडीज ने भारत को दुनिया के अन्य उभरते हुए बाजारों में सबसे ऊपर स्थान किया है और कहा कि मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और स्थिर नीति देश को अन्य अर्थव्यवस्था की अपेक्षा आगे रखती है। मूडीज ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि भारत वैश्विक झटकों को झेलने के लिए अन्य उभरते हुए देशों की तुलना में काफी अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट में आगे बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था के तीन मजबूत स्तंभ हैं, जिसमें बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार, स्थिर नीति और बड़ा घरेलू पूंजीगत बाजार शामिल हैं। ये तीनों कारक मिलकर बाहरी फंडिंग पर निर्भरता को कम करते हैं। मूडीज की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 से उभरते बाजारों को बार-बार कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है।

# सिलिंडर फटने से लगी आग 40 मिनट तक फंसे रहे नौ लोग

» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 मई।



नीतिखंड-2 की प्रगति लेन कॉलोनी स्थित तीन मंजिला इमारत में मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे गैस सिलिंडर लीक होने से आग लग गई। हादसा भूतल पर हुआ। आग की लपटें उठते ही अन्य तलों पर रहने वाले लोग तो किसी तरह जान बचाकर इमारत से निकल गए, लेकिन तीसरे तल पर रहने वाले बुजुर्ग दंपती समेत परिवार के नौ सदस्य फंस गए। करीब 40 मिनट तक बुजुर्ग दंपती, तीन बच्चे व अन्य लोग दहशत में रहे। दमकल टीम ने बालकनी का जाल काटकर उनको बाहर निकाला। इसी बीच दमकल की अन्य टीमों ने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल रहा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि वैशाली फायर स्टेशन पर सूचना मिली थी कि लेन नंबर 15 स्थित बैकुंठम अपार्टमेंट में आग लग गई है। तत्काल 22 हजार और 14 हजार लीटर क्षमता के दो दमकल वाहन मौके पर भेजे गए। दो टीमों ने इमारत में लगी आग बुझाना शुरू किया। साथ ही तीसरी मंजिल के पिछले हिस्से में फंसे परिवार को एक टीम रेस्क्यू करने पहुंची। तीसरी मंजिल की बालकनी के ऊपर छत की तरफ लगे लोहे के जाल को काटने के बाद चहारदीवारी तोड़कर सीढ़ी से फंसे हुए परिवार को ऊपर पहुंचाया गया। इसके बाद सभी को पड़ोस में बनी इमारत की छत के रास्ते बाहर निकाला गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला कि तीनों मंजिल पर मनोज और उनकी पत्नी रोशनी घरेलू सहायक का काम करते हैं। दोनों बच्चों के साथ भूतल पर रहते हैं।

# शहर में नहीं थम रहे चोरी के मामले, बंद मकानों और गाड़ियों को बनाया निशाना

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 मई।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चोरों ने बंद मकानों और घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाकर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर चार मई को संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज की है।

पहली घटना एनआईटी की भगत सिंह कॉलोनी की है। सुजीत कुमार ने बताया कि वह 8 अप्रैल को परिवार सहित यूपी गए थे। एक मई को लौटने पर देखा कि चोर छत की कुंडी तोड़कर घर में घुसे और अलमारी से आभूषण चोरी कर ले गए। वहीं, बड़खल निवासी अहसान ने अपने ड्राइवर सलीम पर घर से 50 हजार रुपये नकद और चांदी के कड़े चोरी करने का आरोप लगाया है। यह घटना 28 अप्रैल की है जब पीड़ित घर पर नहीं था। गाड़ियों से सामान चोरी के मामलों में, सेक्टर-15ए निवासी देशराज की कार से चार मई की रात चोरों ने बैटरी और ईसीएम चोरी कर ली।

# नोएडा में पार्किंग विवाद ने लिया हिंसक रूप, मारपीट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

» नोएडा, यूटर्न/ 06 मई।



नोएडा के थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में मामूली पार्किंग विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां कुछ लोगों ने दुकान में घुसकर एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 5 मई 2026 को ग्राम वाजिदपुर निवासी पीड़ित ने थाना एक्सप्रेसवे में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि संजय चौहान, कर्नल चौहान, दीपांशु चौहान, प्रिंश (पुत्र संजय चौहान) और कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने गाड़ी की पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद पीड़ित की दुकान में घुसकर उसके पिता के साथ मारपीट की। आरोपियों ने न केवल मारपीट की, बल्कि गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने मामला दर्ज कर मुकदमा पंजीकृत किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और 6 मई 2026 को कार्रवाई करते हुए ग्राम नंगली वाजिदपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कर्नल (35 वर्ष) पुत्र कालूराम, दीपांशु चौहान (23 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र और अक्षित (26 वर्ष) पुत्र गजेंद्र के रूप में हुई है। सभी आरोपी नंगली वाजिदपुर, नोएडा के निवासी हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही मामले की विस्तृत जांच जारी है, ताकि सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून को हाथ में लेने के बजाय पुलिस की सहायता लें, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# कूड़ा फेंकने और नाली की सफाई को लेकर हुए विवाद में हत्या, आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 06 मई।



ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान हत्या के मामले में वांछित मुख्य आरोपी मंगेश उर्फ टिल्लू पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। सूरजपुर थाना क्षेत्र के साकीपुर गांव में बुधवार तड़के एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां शादी समारोह से लौट रहे एक 25 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल पैदा कर दिया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या के पीछे घर के बाहर कूड़ा फेंकने और नाली की सफाई को लेकर चला आ रहा पुराना विवाद था। जानकारी के अनुसार, दिनांक 5/6 मई 2026 की रात ग्राम साकीपुर में एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मृतक की पहचान साजन (उम्र लगभग 25 वर्ष) के रूप में हुई है, जो देर रात एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे उसके पड़ोसी मंगेश ने उसे रास्ते में रोक लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि साजन को तीन गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सूरजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मृतक के परिजनों की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार कॉम्बिंग अभियान चला रही है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार देर रात थाना सूरजपुर पुलिस मोजरबियर गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवार पुलिस को चकमा देकर रेलवे लाइन के किनारे बनी कच्ची सड़क की ओर भागने लगे।

# 96 लाख से अधिक की ठगी में खाता मुहैया कराने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 मई।** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 96 लाख 65 हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चार मई को राजस्थान के जयपुर निवासी अजय कुमार को उसके गांव रायथल से पकड़ा है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि आरोपी अजय कुमार जयपुर में इवेंट मैनेजमेंट का काम करता है। उसने अपने दोस्त सुनील का बैंक खाता ठगों को मुहैया करवाया था, जिसमें ठगी की राशि में से सात लाख 65 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में खाताधारक सुनील की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। गौरतलब है कि सेक्टर-28 निवासी एक व्यक्ति ने ठगी के संबंध में आठ मार्च 2024 को शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया था कि ठगों ने फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म पर उसका खाता खुलवाकर शेयर बाजार में ऊंचे मुनाफे का झांसा दिया और उससे कुल 96 लाख 65 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना सेंट्रल में उसी दिन प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस अब पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

# ठगों को खाता बेचने वाला गिरफ्तार

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 मई।

शेयर बाजार के आईपीओ में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लाखों की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चार मई को मध्य प्रदेश के सरदार पटेल नगर निवासी मुरारी भाई पटेल को पकड़ा है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि आरोपी मुरारी भाई पटेल जिला दमोह में एक साइबर कैफे चलाता है। उसने ठगों को अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था, जिसमें ठगी की 14 लाख 44 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। इस मामले में सेक्टर-55 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 29 अगस्त 2025 को उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। ग्रुप में उसे आईपीओ अलॉटमेंट के नाम पर 850 प्रतिशत लाभ का झांसा दिया गया और एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। झांसे में आकर निवेश करना शुरू किया तो कुछ ही समय में उसकी पोर्टफोलियो में 97 लाख रुपये दिखने लगे। जब पीड़ित ने यह राशि निकालनी चाही, तो ठगों ने सर्विस फीस के नाम पर और पैसों की मांग की। इसके बाद पीड़ित ने 14 लाख 44 हजार 343 रुपये और जमा कर दिए। इस प्रकार ठगों ने पीड़ित से कुल 39 लाख 95 हजार 343 रुपये ठग लिए। साइबर थाना एनआईटी ने प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी को पकड़ा है।

# फोन हैक कर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 मई।

मोबाइल फोन हैक कर बैंक खाते से 95 हजार रुपये उड़ाने के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी को चार मई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी जैद को उसके गांव बुंदाहेरा से पकड़ा है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी जैद फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय का काम करता है। उसने ठगों को अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था, जिसमें ठगी की पूरी राशि प्राप्त हुई थी। इस संबंध में बड़खल निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 19 अप्रैल को उनके मोबाइल पर संदिग्ध लिंक आया था।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने खुद को कमरे में बंद कर गले पर धारदार हथियार से किया वार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 मई।** पल्ला थाना क्षेत्र के रोशन नगर में मंगलवार दोपहर एक महिला ने कमरे में बंद होकर अपने हाथ और गले पर धारदार हथियार से वार कर लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, काला देवी ने दोपहर करीब 12 बजे अपने बच्चों को दूसरे कमरे में भेज दिया और खुद कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। परिजनों के मुताबिक कुछ देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। करीब 5-7 मिनट बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को शक हुआ। दीवार में बने एक छेद से अंदर झांककर देखा तो महिला के हाथ में चाकू था और वह लहूलुहान हालत में पड़ी थी। इसके बाद परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोलकर उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। परिवार का कहना है कि महिला पिछले कुछ समय से असामान्य व्यवहार कर रही थी। महिला को कई बार दौरे भी पड़ते थे। महिला के देवर विक्रम ने बताया कि वह मथुरा में था। सूचना मिलने पर यहां पहुंचा। फिलहाल बीके अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार देकर दिल्ली सफदरजंग के लिए रेफर कर दिया है। नवीन नगर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। यदि परिवार की ओर से कोई शिकायत आएगी तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अमेरिका गए डॉक्टर दंपती के बंद मकान से लाखों की चोरी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 मई।** सेक्टर-17 में रहने वाले एक डॉक्टर दंपती के बंद मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के समय पीड़ित परिवार अमेरिका गया हुआ था। सेक्टर-17 थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

डॉ. नीलकंठ शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी डॉ. अविनाश शर्मा के साथ नवंबर 2025 में बच्चों से मिलने अमेरिका गए थे। इस दौरान सेक्टर-17 स्थित उनके मकान पर ताला लगा हुआ था। 26 अप्रैल को जब वे वापस लौटे, तो घर का नजारा देखकर दंग रह गए। चोरों ने घर के पीछे की ग्रिल तोड़कर अंदर प्रवेश किया और पूरे घर का सामान तितर-बितर कर दिया था। चोरों ने न केवल कीमती सामान चोरी किया, बल्कि घर में काफी तोड़फोड़ भी की।

# उत्तम नगर हत्याकांड में दिल्ली पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट, 18 आरोपी नामजद, 2 नाबालिग जेजेबी के हवाले

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।



दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन हुए विवाद में 26 वर्षीय तरुण की मौत के मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए द्वारका कोर्ट में 500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है।

इस चार्जशीट में कुल 18 लोगों को आरोपी बनाया गया है जबकि इस पूरे मामले में कुल 20 आरोपी बनाए गए हैं, जिनमें से 2 नाबालिग हैं। नाबालिग आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मामला जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजेबी) को भेजने की अपील की गई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 4 मार्च को होली के दिन उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में हुई थी। एक 7 से 9 साल की बच्ची द्वारा फेंका गया पानी का गुब्बारा सड़क पर खड़ी एक महिला को लग गया, जिसके बाद मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। चार्जशीट में बताया गया है कि इस झड़प के बाद तरुण को उसके घर के पास रोककर बेरहमी से पीटा गया। गंभीर रूप से घायल तरुण को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन अगले दिन उसकी मौत हो गई। तरुण डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर रहा था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट, गैरकानूनी जमावड़ा, दंगा भड़काने समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 95 और 103(2) भी जोड़ी गई हैं।

जांच के दौरान दो आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। उनके खिलाफ कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी किए जा चुके हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। हालात को देखते हुए भारी पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की तैनाती की गई थी। मामले ने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया था, जिसके चलते ईद के दौरान भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर नजर रखी गई।



## 'कल हो ना हो' को लेकर दिया गया प्रीति जिंटा का बयान खूब हो रहा वायरल

बॉलीवुड की फिल्म 'कल हो ना हो' से जुड़ा एक पुराना वीडियो आजकल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो मशहूर चैट शो कॉफी विद करण का है, जिसे फिल्म निमार्ता करण जौहर होस्ट करते हैं। दरअसल, लंबे समय से यह चर्चा होती रही है कि फिल्म 'कल हो ना हो' के लिए पहले करीना कपूर खान को चुना गया था। वीडियो में अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म को लेकर अभिनेत्री करीना कपूर खान के बयान पर खुलकर अपनी बात रखती नजर आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें फिल्म का प्रस्ताव भी दिया गया था, लेकिन फीस को लेकर बात आगे नहीं बढ़ सकी। बताया जाता है कि करीना कपूर ने फिल्म के लिए उतनी ही फीस की मांग की थी, जितनी फिल्म के मुख्य अभिनेता शाहरुख खान को दी जा रही थी। फीस को लेकर सहमति न बनने के बाद फिल्म अंततः प्रीति जिंटा को मिल गई।



## दर्शकों के दिलों पर छाप छोडना ज्यादा महत्वपूर्णः अदा शर्मा

बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा का मानना है कि एक कलाकार के रूप में सबसे बड़ी उपलब्धि यह होती है कि दर्शक उनके किरदारों और संवादों को लंबे समय तक याद रखें। अदा शर्मा ने कहा कि उनके लिए दर्शकों के दिलों पर छोड़ा गया प्रभाव किसी भी कमाई या रिकॉर्ड से ज्यादा महत्वपूर्ण है। अभिनेत्री ने सफलता को लेकर अपनी सोच साझा करते हुए कहा है कि उनके लिए सफलता केवल बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों या समीक्षकों की तारीफ तक सीमित नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि वह अपने करियर में सफलता को किस तरह मापती हैं, तो उन्होंने बेहद दिलचस्प अंदाज में जवाब दिया। अदा शर्मा ने कहा कि बॉक्स ऑफिस उस शोर मचाने वाले दोस्त की तरह होता है, जो जोर-जोर से बताता है कि फिल्म ने कितनी कमाई की। उन्होंने अपनी चर्चित फिल्म द केरल स्टोरी का उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई फिल्म 375 करोड़ रुपये जैसी बड़ी कमाई करती है, तो निश्चित रूप से वह खुशी और गर्व का विषय होता है। हालांकि उनके अनुसार समीक्षकों की सराहना उस समझदार मित्र की तरह होती है.

# बुमराह से ब्रेक की जरुरत को लेकर बात करें प्रबंधन : बांगड़

**मुम्बई , यूटर्न/ 06 मई।** आईपीएल के इस 19 सत्र में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खराब फार्म से सभी हैरान है। मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे बुमराह की गेंदों पर जमकर रन बन रहे हैं पर वह विकट नहीं ले पा रहे। इससे उनकी टीम मुम्बई इंडियंस को भी काफी नुकसान हुआ है और वह केवल 6 अंक लेकर नौवे स्थान पर है। ऐसे में कहा है कि उन्हें अब आराम दिया जाना चाहिये। वहीं इस मामले को गंभीर मानते हुए पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ ने टीम प्रबंधन से कहा है कि वह बुमराह से सीधे बात करे और उनसे आराम लेने को लेकर पूछे। उनसे पूछें, क्या वह पूरी तरह से फिट है या फिर उनहें आराम की जरुरत है। अगर वह आराम चाहते है तो लें और तरोताजा होकर वापसी करें। उन्होंने जोर दिया कि यह एक ईमानदार बातचीत होनी चाहिए, ताकि यह साफ हो सके कि उन्हें ब्रेक चाहिए या वह खेलने के लिए तैयार हैं।बांगड़ का मानना है कि मुंबई को बुमराह के बिना खेलने के लिए भी तैयार रहना चाहिए, भले ही इसका मतलब सत्र खराब जाना हो। उन्होंने कहा, यह इस पर भी निर्भर करता है कि कोच और टीम प्रबंधन क्या सोच रहे हैं।



## लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए अभी पूरी तरह बंद नहीं हुआ प्लेऑफ का रास्ता

**मुम्बई, यूटर्न/ 06 मई।** कप्तान ऋषभ पंत की लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र अच्छा नहीं रहा है और वह अब तक इस टूनार्मेंट में मिली सातवीं हार के साथ ही तकरीबन प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है हालांकि आधिकारिक तौर पर देखें तो तब भी सुपर जायंट्स की संभावनाएं बनी हुई हैं पर उसे बचे हुए सभी पांच मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। कप्तान ऋषभ ने भी स्वीकार किया कि उनकी टीम को अब टॉप-4 में पहुंचने के लिए काफी किस्मत की जरूरत होगी। वह गलत नहीं हैं, क्योंकि 9 मैचों में 2 जीत और 7 हार के साथ ही सुपरजायंट्स को अब प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अन्य टीमों के परिणामों के उसके अनुसार आने पर निर्भर रहना होगा। प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को बनाये रखने के लिए, लखनऊ को अब अपने बचे हुए सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। उन्हें 7 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), 10 और 15 मई को दो बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), 19 मई को राजस्थान रॉयल्स (आर) और 23 मई को पंजाब किंग्स (पंजाब किंग्स) का सामना करना है।

# गलत संदर्भ में वायरल हो गया जान्हवी का इंटरव्यू, देनी पडी सफाई

**हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री जान्हवी कपूर के एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के कुछ हिस्सों को गलत संदर्भ में वायरल किया गया। इसके बाद इंटरनेट पर गलतफहमी फैल गई कि जान्हवी कपूर नशे की लत या शराब की समस्या से जुड़े अपने निजी अनुभव साझा कर रही थीं। हालांकि अब इस पूरे मामले पर मानसिक स्वास्थ्य संगठन अमाहा और 'ऑफ द रॉक्स' की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की गई है। दरअसल, जान्हवी कपूर हाल ही में उद्यमी और पॉडकास्ट होस्ट राज शमानी के शो में नजर आई थीं। बातचीत के दौरान मानसिक स्वास्थ्य, नशे की समस्या और सहयोगी भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा हुई थी। लेकिन सोशल मीडिया पर इंटरव्यू के कुछ छोटे हिस्सों को अलग तरीके से पेश किया गया, जिसके कारण कई लोगों ने यह मान लिया कि अभिनेत्री खुद किसी प्रकार की एडिक्शन समस्या का सामना कर चुकी हैं। बढ़ती गलतफहमी के बाद अमाहा और 'ऑफ द रॉक्स' ने संयुक्त बयान जारी करते हुए साफ किया कि जान्हवी कपूर ने इस चर्चा में एक केयरगिवर और सहयोगी के रूप में हिस्सा लिया था।**





# स्पेन सरकार ने हंटावायरस से संक्रमित क्रूज जहाज को कैनरी आइलैंड्स में प्रवेश की दी अनुमति

» **मैड्रिड, यूटर्न/ 06 मई।**

स्पेन सरकार ने अंतरराष्ट्रीय नियमों और मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने कहा है कि वह एक संक्रमित जहाज एमवी हॉडियस को अपने क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति देगी, जो फिलहाल केप वर्डे के पास मौजूद है।

यह एक क्रूज वेसल है, जिस पर यात्रा के दौरान हंटावायरस संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इसी वजह से हालात को गंभीर माना जा रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य एजेंसियां इसमें शामिल हो गई हैं।

इस पूरे मामले में विश्व स्वास्थ्य संगठन और



यूरोपीय संघ ने मिलकर स्पेन सरकार से अनुरोध किया कि जहाज को सुरक्षित रूप से कैनरी आइलैंड्स में लाया जाए। साथ ही यूरोपियन सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल इस पूरी स्थिति की बारीकी से जांच कर रहा है, ताकि यह तय किया जा सके कि किन लोगों को तुरंत मेडिकल इवैक्यूएशन की जरूरत है।

जानकारी के अनुसार, जहाज पर मौजूद कुछ यात्रियों और क्रू मेंबर्स को पहले ही केप वर्डे में मेडिकल जांच के बाद अलग किया जा रहा है, जबकि बाकी लोग अगले तीन से चार दिनों में कैनरी आइलैंड्स पहुंचेंगे। अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि जहाज किस बंदरगाह पर रुकेगा।

स्पेन सरकार ने कहा है कि जब सभी लोग वहां पहुंचेंगे, तो उनकी मेडिकल जांच की जाएगी और उन्हें विशेष व्यवस्था वाले स्थानों पर रखा जाएगा। पूरी प्रक्रिया इस तरह से होगी कि स्थानीय लोगों के संपर्क से पूरी तरह बचा जा सके, ताकि संक्रमण फैलने का कोई खतरा न रहे।

डच सरकार के अनुरोध पर जहाज पर मौजूद एक गंभीर रूप से बीमार डॉक्टर को भी स्पेन लाया जाएगा। उसे एयर एम्बुलेंस के जरिए कैनरी आइलैंड्स पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा दो क्रू मेंबर्स और एक अन्य व्यक्ति (शनिवार को मृत यात्री से जुड़ा) को नीदरलैंड्स में मेडिकल इलाज के लिए भेजा जाएगा।

डच क्रूज ऑपरेटर ओशनवाइड एक्सपेडिशन्स ने भी मंगलवार देर रात इस बात की पुष्टि की है। हालांकि अभी ट्रांसफर की सटीक तारीख तय नहीं हुई है।

स्पेन के बयान में स्पष्ट किया गया है कि केप वर्डे में इस अभियान को अंजाम देने की क्षमता नहीं है, इसलिए कैनरी द्वीप समूह निकटतम उपयुक्त स्थान है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईरान के साथ वार्ता में प्रगति देखते हुए ट्रम्प ने प्रोजेक्ट फ्रीडम रोका

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 06 मई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी घोषणा किया कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रोजेक्ट फ्रीडम को स्थगित करने का निर्णय लिया है ताकि यह आकलन किया जा सके कि शांति समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं।

### यूएनएससी में अमेरिका और खाड़ी देशों ने रचा नया चक्रव्यूह

**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 06 मई।** समंदर की लहरों पर बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्ग पर मंडराते खतरे के बीच, अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कूटनीतिक मोर्चे पर एक बड़ी घेराबंदी शुरू कर दी है। पिछले महीने रूस और चीन द्वारा वीटो का इस्तेमाल कर अमेरिकी प्रस्ताव को रोकने के बाद, अब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने रणनीति बदलते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक नया और बेहद केंद्रित प्रस्ताव लाने की तैयारी पूरी कर ली है। सोमवार, 4 मई 2026 को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने इस नए कूटनीतिक कदम की पुष्टि की। यह नया प्रस्ताव मुख्य रूप से स्टेट ऑफ होर्मुज में ईरान द्वारा व्यापारिक जहाजों के मार्ग में बाधा डालने, समुद्री सुरंगें बिछाने और जहाजों से अवैध रूप से टोल वसूलने की कोशिशों के जवाब में तैयार किया गया है। अमेरिका इस बार अकेले नहीं है, वह बहरीन के साथ मिलकर इस मसौदे को अंतिम रूप दे रहा है, जिसमें कुवैत, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे प्रभावशाली खाड़ी देशों का महत्वपूर्ण इनपुट शामिल है।

# पाक ने अपने खनन क्षेत्र में अमेरिका को बनाया हिस्सेदार, बीएलए का विरोध

**करांची, यूटर्न/ 06 मई।** बलूचिस्तान का मामला सिर्फ स्थानीय शांति तक सीमित नहीं बल्कि इसमें चीन, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच चल रहा खेल खुलकर सामने आ गया है। बलूचिस्तान पहले से अस्थिर रहा है, लेकिन अब यहां की शांति और भी विस्फोटक होती जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने अपने खनन क्षेत्र में अमेरिका को बड़ी हिस्सेदारी देने का फैसला कर लिया है यानी अब चीन के साथ-साथ अमेरिका को भी मैदान में उतार कर खेल बदलना चाहता है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस नई डील की शुरूआत एक बेहद दिलचस्प तरीके से हुई। पिछले साल पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को रत्नों से भरा एक खास तोहफा दिया था। हालांकि इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। यह सिर्फ एक गिफ्ट नहीं था बल्कि एक संकेत था कि बलूचिस्तान की जमीन में छुपे सोने और तांबे के भंडार से अमेरिका अरबों डॉलर कमा सकता है। इसके बाद करीब 1.3 बिलियन डॉलर के निवेश की राह खुली। बता दें बलूचिस्तान में चीन लंबे वक्त से कई बड़े प्रोजेक्ट चला रहा है। कई सालों तक पाकिस्तान और चीन ने मिलकर इस इलाके में विकास के नाम पर बड़े-बड़े प्रोजेक्ट चलाए।

# कुत्तों की पॉटी उठाने का धंधा शुरू कर महिला बनीं करोड़पति

**लंदन, यूटर्न/ 06 मई।** अपनी तनावपूर्ण कॉरपोरेट नौकरी छोड़कर एक महिला ने कुत्तों की पॉटी साफ करने का व्यवसाय शुरू किया, जिसने उसकी पूरी जिंदगी को बदल कर रख दिया। 45 वर्षीय एमा ने आज न केवल एक सफल उद्यमी हैं, बल्कि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता से लगभग 2 करोड़ 10 लाख रुपये का एक शानदार घर भी खरीद लिया है। एमा पहले एक क्लेम्स असेसर के पद पर काम करती थीं और उन्होंने 11 साल तक इस जॉब को संभाला। लेकिन ऑफिस की दिनचर्या, भारी तनाव और कम सैलरी से वे थक चुकी थीं। वे जानवरों से बेहद प्यार करती थीं और अक्सर सोचती थीं कि वे अपने जुनून को कैसे अपने करियर में बदल सकती हैं। एक दिन उन्होंने सोचा कि क्यों न कुत्तों की पॉटी साफ करने का एक पेशेवर व्यवसाय शुरू किया जाए, जो कि उस समय एक अनछुआ क्षेत्र था। बस इसी अनोखे और कुछ लोगों को अटपटा लगने वाले आइडिया ने उनकी लाइफ बदल दी और उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता की ओर अग्रसर किया।

# फाइबर ऑप्टिक ड्रोन ने बढ़ाई इजरायली सेना की मुश्किलें

**बेरुत, यूटर्न/ 06 मई।** इजरायल और लेबनान के बीच जारी खूनी संघर्ष ने अब एक नया और तकनीकी रूप से खतरनाक मोड़ ले लिया है। हिजबुल्ला ने युद्ध के मैदान में एक ऐसा एडवांस हथियार उतारा है, जिसने इजरायल की आधुनिक रक्षा प्रणालियों को चुनौती दे दी है। यह हथियार है फाइबर ऑप्टिक ड्रोन। यह वही तकनीक है जिसका रूसी सेना ने यूक्रेन युद्ध में यूक्रेनी ठिकानों को तबाह करने के लिए बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। अब हिजबुल्ला इन्हीं ड्रोनों के जरिए इजरायली सैनिकों पर सटीक हमले कर रहा है, जिससे इजरायल की अत्याधुनिक एंटी-ड्रोन तकनीक और जैमर्स बेअसर साबित हो रहे हैं। सामान्य ड्रोन रेडियो सिग्नल या वायरलेस कंट्रोल पर काम करते हैं, जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के जरिए आसानी से जाम किया जा सकता है। इसके विपरीत, फाइबर ऑप्टिक ड्रोन एक बहुत ही पतले और हल्के फाइबर ऑप्टिक केबल के जरिए अपने ऑपरेटर से जुड़ा होता है। यह केबल करीब 15 किलोमीटर या उससे भी अधिक लंबा हो सकता है।

# मार्को रुबियो का भारत दौरा : तैयारी में जुटे राजदूत गोर, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर से भी की मुलाकात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

भारत और अमेरिका के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अहम बताया। बुधवार को उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और भविष्य में यह सहयोग नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। राजदूत की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के प्रस्तावित भारत दौरे से पहले आई है। गोर ने रुबियो को अपना ह्यअच्छा दोस्तह्व बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वह रुबियो के भारत आगमन का इंतजार कर रहे हैं और दोनों देश मिलकर ऐसे साझेदारी को और मजबूत करेंगे, जिससे न केवल दोनों देशों बल्कि पूरी दुनिया को लाभ होगा।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें द्विपक्षीय सहयोग और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया था कि दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति की समीक्षा की और ह्यकॉम्प्रिहेंसिव ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिपह्व को और मजबूत करने पर सहमति जताई। उन्होंने यह भी कहा कि स्टेट ऑफ होर्मुज को खुला और सुरक्षित बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक अहम मार्ग है। इससे पहले, गोर ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री का व्हाइट हाउस में स्वागत किया था, जहां उनकी मुलाकात मार्को रुबियो से हुई। इस दौरान व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा सहयोग और क्वाड जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा, उन्नत तकनीक और रक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच गहराते रणनीतिक संबंधों को दर्शाता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो मई 2026 में भारत की महत्वपूर्ण यात्रा पर आने वाले हैं। यह दौरा व्यापार, रक्षा, क्वाड गठबंधन और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे द्विपक्षीय संबंधों को



मजबूत करने पर केंद्रित होगा। वाशिंगटन में भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ हुई सार्थक बैठक के बाद इस यात्रा की पुष्टि की गई है। गोर ने बुधवार को ही दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर तरणजीत सिंह संधू से भी मिले। इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उनसे मिलकर खुशी हुई। आपसी हितों के अलग-अलग क्षेत्रों पर अच्छी बातचीत हुई। आने वाले महीनों में अमेरिका के कई गवर्नर दिल्ली आएंगे, और यह दौरा काफी अहम होगा।

# ईरान अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में बातचीत के लिए तैयार : राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान

» **तेहरान, यूटर्न/ 06 मई।**

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने इराक के प्रधानमंत्री-नामित अली अल-जैदी के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान पेजेशकियान ने कहा कि ईरान अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वह किसी भी दबाव के आगे झुकेगा नहीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, एक आधिकारिक बयान में राष्ट्रपति पेजेशकियान ने कहा, 'हमारी समस्या यह है कि एक ओर अमेरिका देश पर दबाव की नीति अपना रहा है और दूसरी ओर वह चाहता है कि ईरान बातचीत की मेज पर आए और आखिरकार उसकी एकतरफा मांगों के सामने आत्मसमर्पण कर दे। लेकिन यह असंभव है।' उन्होंने कहा कि ईरान मूल रूप से युद्ध और असुरक्षा को किसी भी तरह से उचित विकल्प नहीं मानता। इसके साथ ही, पेजेशकियान ने कहा कि ईरान को परमाणु तकनीक से वंचित नहीं



किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अमेरिका ऐसे व्यवहार कर रहा है जैसे ईरान को परमाणु उद्योग रखने का अधिकार ही नहीं है। वह अत्यधिक मांगें सामने रखकर देश पर अतिरिक्त दबाव डालता है।' राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने आगे कहा कि पिछली सभी वार्ताओं में ईरान पूरी तरह तैयार था कि अंतरराष्ट्रीय नियमों और वैश्विक निगरानी के तहत जो भी आवश्यक हो, वह सब कुछ उपलब्ध कराए ताकि उसके परमाणु गतिविधियों के शांतिपूर्ण स्वरूप को सुनिश्चित किया जा सके।

दूसरी ओर, अल-जैदी ने इराक की ओर से ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता करने की तत्परता जताई, ताकि क्षेत्रीय संकटों को कम किया जा सके। अल-जैदी के मीडिया कार्यालय के एक बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने भविष्य में आधिकारिक यात्राओं के आदान-प्रदान पर भी सहमति जताई, ताकि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया जा सके।

# प्रवासियों की सुरक्षा हेतु वैश्विक साझेदारी का विस्तार जरूरी, भारतीयों का कल्याण प्राथमिकता : कीर्ति वर्धन सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 मई।**

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि भारत ने अब तक 23 देशों के साथ 27 माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौते किए हैं, लेकिन प्रवासियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की बेहतर रक्षा के लिए इन साझेदारियों का और विस्तार किया जाना जरूरी है। उन्होंने यह बात मंगलवार को आयोजित दूसरे अंतरराष्ट्रीय माइग्रेशन रिव्यू फोरम (आईएमआरएफ) में कही। यह मंच संयुक्त राष्ट्र के 'सेफ, ऑर्डरली एंड रेगुलर माइग्रेशन' पर 2018 में अपनाए गए ग्लोबल कॉम्पैक्ट की हर चार साल में होने वाली समीक्षा है।

कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि ये समझौते संगठित और कौशल-आधारित आवागमन को बढ़ावा देते हैं, जिसमें श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं पर खास जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा, 'हम मानते हैं कि विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए इन साझेदारियों को और मजबूत और विस्तारित करना चाहिए।' उन्होंने बताया कि भारत ने हाल के समय में




यूरोपीय संघ के साथ जनवरी में, ब्रिटेन के साथ पिछले साल जुलाई में और न्यूजीलैंड के साथ पिछले महीने महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि विदेश जाने के इच्छुक लोगों के कौशल को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विकसित करना भारत की माइग्रेशन नीति का एक अहम स्तंभ है। उन्होंने बताया कि 'स्किलइंडियाइंटरनेशनल सेंटर' और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए भारतीय कामगारों को वैश्विक मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है और साझेदार देशों के साथ कौशल की पारस्परिक मान्यता पर भी काम हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार प्रवास से पहले ओरिएंटेशन कार्यक्रम चलाती है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Umml Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *